Chandigarh Kesari
Oct 11, 2025 (IST)
पंजाब केसरी

## चंडीगढ़ फर्नीचर एसोसिएशन ने उद्योग विभाग के सहयोग से एम.एस.एम.ई. अवेयरनैस सैशन किया आयोजित

# एम.एस.एम.ई. देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़, विस्तार के लिए योजनाएं चला रही है सरकार

चंडीगढ़, 10 अक्तूबर (रॉय): चंडीगढ़ फर्नीचर एसोसिएशन ने उद्योग विभाग के सहयोग से एम.एस.एम.ई. अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया। उद्योग विभाग के अधीक्षक विशाल सभरवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

एसोसिएशन के पैटर्न व संस्थापक तुलसीराम सिंगला, प्रधान योगराज बंसल, चेयरमैन नरेश कुमार, वाइस प्रेजीडैंट सतीश गोयल, सुनील बंसल, महासचिव सचिन जैन, कैशियर संदीप जैन, सैक्रेटरी निशांत गोयल, राहुल गुप्ता राजीव गुप्ता और प्रवक्ता भारत शाह एवं अन्य पदाधिकारियों रमेश गर्ग, सुरेश गोयल, गुलाब जैन, सुभाष अग्रवाल, चरणजीत सिंह, राजेंद्र जैन, अनिल जैन, वंश गोयल, अरुण मैसी व प्रकाश सिंगला आदि ने उनका स्वागत किया।

ई.एस.आई.सी. के रीजनल डायरैक्टर पंकज वोहरा ने ई.एस.आई. योजना बारे में उपस्थित उद्यमियों को अवगत कराया। उनके साथ राजीव छाबड़ा, स्टेट मैडीकल ऑफिसर एवं संदीप श्रीवास्तव, सोशल सिक्योरिटी ऑफिसर ने एस.पी.आर.ई.ई. योजना की जानकारी साझा की, जो कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा के लिए एक विशेष पहल है।

पंजाब नैशनल बैंक की ओर से सिद्धार्थ मित्तल, ए.जी.एम. ने एम.एस.एम.ई. वित्तीय सहायता योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के 130 से अधिक एम.एस.एम.ई. उद्यमियों और संस्था की कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

### सरकार की योजनाओं और नीतियों पर प्रकाश डाला

सभरवाल ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास में सरकार की योजनाओं और नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एमएसएमई क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सरकार विस्तार के लिए कई योजनाएं चला रही है। ऑनलाइन विवाद समाधान पर उद्योग विभाग की लीगल कंसल्टैंट जसपिंदर कौर ने विस्तृत जानकारी दी। संस्था के एमएसएमई. फैसीलिटेशन हैल्पडेस्क द्वारा पी.एम.ई.जी.पी. योजना पर सत्र के तहत आर.ए.एम.पी. (रेजिंग एक्ड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मैंस) प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें एम.एस.एम.ई. के लिए लाभार्थी योजनाओं के विभिन्न पहलुओं और पात्रता मानदंडों की जानकारी दी गई।